"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन क्रमांक "छत्तीसगढ़/दुर्ग/ सी. ओ./रायपुर/17/2002."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 49] रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 9 दिसम्बर, 2005— अग्रहायण 18, शक 1927

भाग 3 (1)

विविध

निविदा सूचनाएं

बिलासपुर, दिनांक 8 नवम्बंर 2005

निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा क्रमांक 34/त.शा./का. यं./लो. स्वा./2005-2006.—मुहरबंद एकल समूहवार एकमुश्त निविदाएं प्रपत्र "एफ" में नीचे उल्लेखित नल-जल प्रदाय योजनाओं के कार्य हेतु टर्न की जाब के आधार पर छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में दिनांक 13-12-2005 को अपरान्ह 3.00 बजे तक लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, (छ.ग.) के निर्धारित अथवा उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है.

निविदा के तकनीकी प्रस्ताव निम्न तिथि अर्थात् दिनांक 13-12-2005 अपरान्ह 3.30 बजे निविदादाताओं या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोले जावेगे. निविदा के वित्तीय प्रस्ताव खोलने की तिथि तथा स्थान की सूचना तकनीकी प्रस्ताव खोलने के बाद दी जावेगी.

कार्य का नाम

बिलासपुर जिले के निम्नलिखित ग्रामों में नलजल योजनाओं के अंतर्गत आर. सी. सी. उच्चस्तरीय जलागार का डिजाईन, निर्माण, परीक्षण व स्थापित करना (सभी पाईप स्पेशल तथा फिटिंग आदि के प्रदाय तथा स्थापना सहित.)

ग्रु. क्र.	कार्य स्थल का विवरण	ठेके की संभावित राशि रु. लाखों में	धरोहर की राशि रु.	निविदा प्रपत्र का मूल्य रु.	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु छोड़कर)	ठेकेदारों की श्रेणी
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)
1.	ग्राम सीपत विकास खंड, मस्तुरी टंकी की क्षमता 180 के. एल. ऊंचाई 15 मीटर.	14.40	10,800/-	750/-	5 माह	A-2/S-2 एवं उससे ऊपर
2.	ग्राम मल्हार विकास खंड, मस्तुरी टंकी की क्षमता 165 के. एल. ऊंचाई 15 मीटर.	14.03	10,525/-	750/-	5 माह	A-2/S-2 एवं उससे ऊपर
3.	ग्राम बेलतरा विकास खंड, बिल्हा टंकी की क्षमता 150 के. एल. ऊंचाई 12 मीटर.	12.00	9000/-	750/-	4 माह	A-2/S-2 एवं उससे ऊपर
4.	ग्राम मटियारी विकास खंड, बिल्हा टंकी की क्षमता 120 के. एल. ऊंचाई 12 मीटर.	9.00	6750/-	750/-	4 माह	A-1/S-1 एवं उससे ऊपर
5.	ग्राम नेवसा विकास खंड, बिल्हा टंकी की क्षमता 120 के. एल. ऊंचाई 12 मीटर.	9.00	6750/-	750/-	4 माह	A-1/S-1 एवं उससे ऊपर
6.	ग्राम रिसदा विकास खंड, मस्तुरी टंकी की क्षमता 110 के. एल. ऊंचाई 15 मीटर.	9.35	7015/-	750/-	4 माह	A-1/S-1 एवं उससे ऊपर
7.	ग्राम कौडिया विकास खंड, मस्तुरी टंकी की क्षमता 110 के. एल. ऊंचाई 15 मीटर.	9.35	7015/-	750/-	4 माह	A-1/S-1 एवं उससे ऊपर
8.	ग्राम सलखा विकास खंड, बिल्हा टंकी की क्षमता 100 के. एल. ऊंचाई 12 मीटर.	7.50	5650/-	750/-	4 माह	A-1/S-1 एवं उससे ऊपर
9.	ग्राम मस्तुरी विकास खंड, मस्तुरी टंकी की क्षमता 85 के. एल. ऊंचाई 15 मीटर.	7.65	5740/-	750/-	4 माह	A-1/S-1 एवं उससे ऊपर

शर्तें

निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन पत्र दिनांक 8-12-2005 तक (कार्यालयीन अवधि) में प्राप्त किये जावेंगे. कोरे निविदा प्रपत्र एवं संबंधित अभिलेख अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन अवधि में दिनांक 12-12-2005 तक निर्धारित शुल्क जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं. निविदा प्रपत्र डाक द्वारा मंगवाने पर रुपये 50/- अतिरिक्त शुल्क जमा कर प्राप्त किया जा सकता है, परंतु डाक से विलंब के लिये विभाग उत्तरदायी नहीं होगा. निविदा की अन्य शर्तें कार्यालयीन अवधि में प्राप्त की जा सकती है.

निविदा प्रपत्र प्रदाय हेतु आवेदन अधोहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत किया जावें, एवं उसके साथ निम्नलिखित जानकारियां अनिवार्य रूप से प्रस्तुत की जावें.

1. नवीन आयकर प्रमाण-पत्र एवं छत्तीसगढ़ शासन का वाणिज्यिक कर पंजीयन प्रमाण-पत्र.
2. लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग, छत्तीसगढ़ राज्य में पंजीकरण का वैध प्रमाण-पत्र.
3. निविदा कार्य का समरूप, पूर्ण किये गये कार्य एवं अन्य प्रगतिशील कार्यों की सूची जिसमें कार्य का स्थान, अनुबंध की राशि, कार्यादेश का संदर्भ, कार्य पूर्ण करने की अवधि, कार्य पूर्ण करने की वास्तविक अवधि एवं कार्य की वर्तमान स्थिति का उल्लेख करना होगा.
4. सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया 100 के. एल. अथवा उससे अधिक क्षमता का उच्च स्तरीय आर. सी. सी. जलागार के निर्माण कार्य के संतोषप्रद संपादन का प्रमाण पत्र जो कार्यपालन अभियंता, के स्तर से नीचे का अधिकारी न हो.
5. सफलतापूर्वक कार्य पूर्ण करने हेतु उपलब्ध उपकरण एवं संयंत्रों की सूची.
6. ठेकेदार विस्तृत निविदा सूचना में उल्लेखित Terms तथा Conditions के मान्य करने तथा उनके अनुसार कार्य संपादित करेगा.
7. यदि ठेकेदार के द्वारा कोई ऐसी शर्तें तथा Conditions प्रस्तुत की जाती है जो कि विस्तृत निविदा सूचना में शामिल नहीं है या जो विस्तृत निविदा की शर्तों के विपरीत है, तथा ऐसी स्थिति में ठेकेदार के द्वारा दिये गये वित्तीय दर का लिफाफा नहीं खोला जावेगा.
8. यदि ठेकेदार के द्वारा निविदा की समस्त शर्तों को मान्य करते हुए नि:शर्त निविदा प्रस्तुत की जाती है तब ऐसी स्थिति में कार्यपालन अभियंता के द्वारा तकनीकी आफर के साथ-साथ वित्तीय दर का लिफाफा भी खोला जावेगा. तत्पश्चात् प्रकरण अधीक्षण अभियंता कार्यालय को प्रस्तुत किया जावेगा.

अन्य शर्तें

1. एकमुश्त निविदा दर समस्त कर एवं अधिभार जो कार्य संपादन के समय प्रभावी हो सहित होना चाहिये.
2. कार्य हेतु ठेकेदार को आई. एस. आई. मार्क की आवश्यक ओ. पी. सी. सीमेंट आई. ए. 269-1975 की स्वयं लगाना होगा. साथ ही टेस्ट प्रमाण-पत्र ठेकेदार को प्रस्तुत करना होगा.
3. विलंब से प्राप्त निविदा अथवा निर्धारित स्वरूप में धरोहर राशि प्राप्त न होने पर प्रस्तुत निविदा बिना खोले ही निविदादाता को वापस कर दी जावेगी.
4. किसी भी अथवा सभी निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार विभाग के सक्षम अधिकारी को होगा.
5. निविदाकार को वर्तमान में प्रगतिरत टंकी के कार्य का विवरण जैसे स्थान, विभाग, क्षमता, स्टेजिंग एवं गत का उल्लेख कर विवरण देना होगा.
6. जिस निविदाकार ने निविदा दिया है, तथा उनकी दर न्यूनतम एवं विचाराधीन है, इसके अंतर्गत स्थान, क्षमता, स्टेजिंग एवं लागत का पूर्ण उल्लेख होना चाहिये.

7. यदि किसी तथ्य को छुपाया जावेगा तो निविदाकार से नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी.

8. निविदाकार को न्यूनतम 100 किलो लिटर या उससे अधिकतम क्षमता की उच्च-स्तरीय आर. सी. सी. टंकी सफलतापूर्वक निर्माण का अनुभव (प्रमाण-पत्र) प्रस्तुत किया जाना होगा एवं प्रमाणीकरण कार्यपालन अभियंता, के स्तर अथवा उससे ऊपर के वरिष्ठ अधिकारी का होना चाहिये.

9. निविदा प्रपत्र सिर्फ आर.सी.सी. टंकी निर्माण का अनुभव प्राप्त ठेकेदारों को ही प्रदाय किया जावेगा.

10. समस्त विवादों का निपटारा सक्षम न्यायालय में बिलासपुर जिले के अंतर्गत किया जावेगा.

11. निविदा सूचना छ. ग. के वेबसाइट http/www/chhattisgarh/NIC IN/Tender में उपलब्ध रहेगी. ठेकेदार उक्त विज्ञप्ति e-mail के माध्यम से Pramarao @ c.g.nic..से प्राप्त कर सकते हैं.

12. निविदा दरों की वैधता खुलने की दिनांक से 120 दिनों तक मान्य होगी.

आर. पी. गेंदले,
कार्यपालन अभियंता,
लोक. स्वा. यां. खंड, बिलासपुर (छ.ग.)

संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनांदगांव से मुद्रित तथा प्रकाशित—2005.